न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :– 15/2022 तारीख दायर 1.2.2022

हजारी पुत्र किसना जाति माली उम्र वयस्क निवासी रामपुरिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज.)

......................प्रार्थी

बनाम

1. लादु पुत्र भागुता जाति माली उम्र वयस्क निवासी उन्द्रो का खेड़ा तहसील माण्डलगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज.)
2. राधेश्याम पुत्र हजारी जाति बंजारा उम्र वयस्क निवासी जलीन्द्री तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)
3. गिरजा पत्नि करणसिंह जाति बंजारा उम्र वयस्क निवासी जलीन्द्री तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)
4. मोड़ा पुत्र किसना जाति माली उम्र वयस्क निवासी रामपुरिया तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा(राज.)
5. लाला पुत्र भूरा जाति माली उम्र वयस्क निवासी रामपुरिया तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)
6. सूरजमल पुत्र गोपी जाति माली उम्र वयस्क निवासी रामपुरिया तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा(राज.)
7. रामशंकर पुत्र मथरा जाति माली उम्र वयस्क निवासी रामपुरिया तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)

..............विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

–: आदेश :–

दिनांक 23.2.2022

प्रार्थना पत्र प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक **श्री मुकेश कुमार धाकड़ एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि **मौजा ग्राम रामपुरिया पटवार हल्का जलीन्द्री तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या नयी 210 पर अंकित आराजी खसरा संख्या 54/2 रकबा 0.1133 हैक्टेयर, खसरा संख्या 56 रकबा 0.9551 हैक्टेयर, खसरा संख्या 64/2 रकबा 0.2995 हैक्टेयर कुल किता 3 रकबा 1.3679 हैक्टेयर** है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2075–2078 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक बिजौलियांकलां को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर **मौजा ग्राम रामपुरिया पटवार हल्का जलीन्द्री तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या नयी 210 पर अंकित आराजी खसरा संख्या 54/2 रकबा 0.1133 हैक्टेयर, खसरा संख्या 56 रकबा 0.9551 हैक्टेयर, खसरा संख्या 64/2 रकबा 0.2995 हैक्टेयर कुल किता 3 रकबा 1.3679 हैक्टेयर** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ
बिजौलियां जि. भीलवाड़ा